# झारखण्ड विधान सभा

## दैनिक विवरणिका

चतुर्थ झारखण्ड विधान सभा — पंचम (बजट) सत्र

संख्या-13 — गुरूवार, दिनांक-03 मार्च, 2016 ई०।

**समय-11.00 बजे पूर्वा० से 04.21 बजे अप० तक।**

**माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।**

### 1. विविध चर्चायें :-

माननीय अध्यक्ष महोदय के आसन ग्रहण करते ही विपक्ष के कतिपय माननीय सदस्य स्लोगनयुक्त पोस्टर के साथ अपने-अपने स्थान पर खड़े होकर माननीय कृषि मंत्री द्वारा अखबारों में, "पैसा लेकर प्रश्न पूछने" सम्बन्धी दिये गये बयान के विरूद्ध विरोध व्यक्त करने लगे। आसन द्वारा सदन को अवगत कराया गया कि इस सम्बन्ध में माननीय सदस्य, सर्वश्री अरुप चटर्जी, पौलुस सुरीन, निरल पुरती एवं अन्य से कार्य-स्थगन प्रस्ताव की सूचना प्राप्त हुई है। इस सम्बन्ध में कृषि मंत्री को आसन से निदेश प्राप्त हुआ कि वे वस्तुस्थिति से सदन को अवगत करायें। माननीय कृषि मंत्री द्वारा सदन में तथ्यों को रखे जाने के क्रम में माननीय विपक्षी सदस्य सदन की वेल में भी आ गये, लेकिन पुनः वे अपने-अपने स्थान पर चले गये। इस दौरान माननीय नेता, प्रतिपक्ष, माननीय मंत्री, श्री चन्द्रेश्वर प्रसाद सिंह, माननीय सदस्य, श्री स्टीफेन मराण्डी, श्री प्रदीप यादव तथा श्री सुखदेव भगत ने भी अपनी-अपनी भावनायें व्यक्त की।

माननीय सदस्यों की भावनाओं को देखते हुए माननीय कृषि मंत्री द्वारा अखबार में दिये गये बयान के लिए माननीय मुख्यमंत्री ने खेद प्रकट किया।

### 2. प्रश्नकाल :-

आज के लिए निर्धारित तारांकित एवं अल्प सूचित प्रश्नों का व्यवस्थापन निम्नवत् हुआ-

#### (क) अल्प सूचित प्रश्नों की कुल संख्या-10

(i) उत्तरित कुल-02 अ०सू०-'क'-54, श्री राज कुमार यादव, स० वि० स०,

(विभागीय उत्तर में पत्रांक-दिनांक के अंकित नहीं होने के कारण आसन द्वारा नाराजगी जतायी गयी। इस अवसर पर माननीय मंत्री के उत्तर के विरोधस्वरूप माननीय सदस्य, श्री प्रदीप यादव एवं अन्य कतिपय विपक्ष के माननीय सदस्य सदन की वेल में आ गये, लेकिन आसन के निदेश से वे पुनः अपने-अपने स्थान पर चले गये।)

अ०सू०-112, श्री राधाकृष्ण किशोर, स० वि० स०।

(ii) स्थगित मात्र-01 अ०सू०-113, श्री स्टीफेन मराण्डी, स० वि० स०।

(iii) अनागत कुल-07 अ०सू०-114 से 120 तक।

#### (ख) तारांकित प्रश्नों की कुल संख्या-82

(i) उत्तरित कुल-07, तारांकित-806, श्री फूलचन्द मण्डल, स० वि० स०,

तारांकित-807, श्री केदार हजरा, स० वि० स०,
तारांकित-808, श्री कुशवाहा शिवपूजन मेहता, स० वि० स०,
तारांकित-809, श्री नारायण दास, स० वि० स०,
तारांकित-810, श्री योगेश्वर महतो, स० वि० स०,
तारांकित-811, श्री गणेश गंझू, स० वि० स० एवं
तारांकित-812, श्री आलमगीर आलम, स० वि० स०।

(ii) स्थगित मात्र-01 तारांकित-813, श्री रवीन्द्रनाथ महतो, स० वि० स०।
(iii) अनागत कुल-74, तारांकित-814 से 887 तक।

**3.शून्यकाल:-**

आसन द्वारा पुकारे जाने पर निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा शून्यकाल की सूचनायें पढ़ी गयीं-

श्री अमित कुमार,
श्री कुणाल षडंगी,
श्री जगरनाथ महतो,
श्री नागेन्द्र महतो,
श्री पौलुस सुरीन,
श्रीमती निर्मला देवी,
श्री राजकिशोर महतो,
श्री दशरथ गागराई,
श्री बिदेश सिंह,
श्रीमती गंगोत्री कुजूर,
श्री ईरफान अंसारी,
श्री जय प्रकाश वर्मा,
श्री अरुप चटर्जी,
श्री योगेश्वर महतो,
श्री ताला मराण्डी,
श्री लक्ष्मण टुडू,
श्री प्रदीप यादव,
श्री अनन्त कुमार ओझा,
डॉ० अनिल मुरमू,
श्री जय प्रकाश भाई पटेल,
श्री नारायण दास,
श्री बादल,
श्री हरिकृष्ण सिंह,
श्री राज सिन्हा एवं
श्री केदार हजरा।

(क्र० पृ०उ०)

## 4. ध्यानाकर्षण सूचनायें तथा उस पर सरकार का वक्तव्यः-

i- श्री प्रकाश राम एवं अन्य स०वि०स० से प्राप्त ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना पढ़ी गयी जिसपर सरकार का वक्तव्य हुआ,

ii- श्री जानकी प्रसाद यादव एवं अन्य स०वि०स० से प्राप्त ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना पढ़ी गयी जिसपर सरकार का वक्तव्य हुआ,

iii- श्री राम चन्द्र सहिस, स०वि०स० से प्राप्त ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना पढ़ी गयी जिसपर सरकार का वक्तव्य हुआ,

iv- श्री साधु चरण महतो एवं अन्य स०वि०स० से प्राप्त ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना पढ़ी गयी जिसपर सरकार का वक्तव्य हुआ,

v- श्री आलमगीर आलम एवं अन्य स०वि०स० से प्राप्त ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना पढ़ी गयी जिसपर सरकार का वक्तव्य हुआ,

vi- श्री अमित कुमार, स०वि०स० से प्राप्त ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना पढ़ी गयी जिसपर सरकार का वक्तव्य हुआ,

vii- श्री संजीव सिंह, स०वि०स० से प्राप्त ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना पढ़ी गयी जिसपर सरकार का वक्तव्य हुआ।

## 5. सभा पटल पर प्रतिवेदन का उपस्थापनः-

माननीय सभापति, श्री प्रदीप यादव द्वारा झारखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन के नियम 216(1) के तहत आन्तरिक संसाधन एवं केन्द्रीय सहायता समिति का **5वाँ प्रतिवेदन** सभा पटल पर रखा गया।

## 6. वित्तीय कार्यः-

श्री रामचन्द्र चन्द्रवंशी, माननीय मंत्री द्वारा स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, उत्पादन एवं मद्य निषेध विभाग एवं योजना सह वित्त विभाग (सांस्थिक वित्त एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन प्रभाग) से सम्बन्धित माँग पेश की गयी जिसपर माननीय सदस्य, श्री प्रदीप यादव द्वारा कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया।

(अन्तराल)

**माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।**

**(इस अवसर पर माननीय सदस्य, श्री राजकुमार यादव एवं श्री निर्भय कुमार शाहाबादी ने गिरिडीह जिले के सरिया से एक करोड़ रु० की फिरौती के निमित्ति श्री राजू मण्डल के अपहरण किये जाने की ओर आसन का ध्यानाकृष्ट किया।)**

## वित्तीय कार्य (क्रमांक-6 से जारी) :-

अन्तराल के पूर्व प्रस्तुत कटौती प्रस्ताव के संदर्भ में श्री प्रदीप यादव, स०वि०स० द्वारा वाद-विवाद प्रारंभ किया गया जिसमें निम्नलिखित माननीय सदस्यों ने भाग लिया-

श्री बिरंची नारायण,

(इस दरम्यान माननीय सभापति, श्री आलमगीर आलम ने आसन ग्रहण किया)

श्री योगेन्द्र प्रसाद,

श्री मनीष जयसवाल,

श्री सुखदेव भगत,

(क्र० पृ० उ०)

श्री जीतू चरण राम,
श्री कुणाल षडंगी,
श्री अरुप चटर्जी,
श्री केदार हजरा एवं
श्री ईरफान अंसारी

(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

अन्तराल के पूर्व **''स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, उत्पादन एवं मद्य निषेध विभाग एवं योजना सह वित्त विभाग (सांस्थिक वित्त एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन प्रभाग)''** से सम्बन्धित पेश की गयी माँग पर सरकार की ओर से माननीय मंत्री, श्री रामचन्द्र चन्द्रवंशी द्वारा उत्तर दिया गया। इसके उपरांत **''स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, उत्पादन एवं मद्य निषेध विभाग एवं योजना सह वित्त विभाग (सांस्थिक वित्त एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन प्रभाग)''**से सम्बन्धित माँग सदन द्वारा स्वीकृत हुई तदुपरांत सभा की कार्यवाही शुक्रवार, दिनांक- 04 मार्च, 2016 के 11.00 बजे पूर्वा० तक के लिये स्थगित हुई।

राँची,
दिनांक- 03, मार्च, 2016 ई०।

बिनय कुमार सिंह,
प्रभारी सचिव,
झारखण्ड विधान सभा।

—x—x—